# समाहरणालय, नवादा।

(खनन शाखा)

## नवादा जिलान्तर्गत जप्त/भण्डारित बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कृत कार्रवाई में अधोलिखत कांड/भंडारण स्थल में/पर जप्त/भण्डारित बालू की नीलामी/बिक्री दिनांक– 18.06.2025 को पूर्वाह्न– 11:00 बजे से समाहरणालय, नवादा अवस्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्यकारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है, तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस– 19.06.2025 को खुली नीलामी करायी जाएगी। इसके लिए सुयोग्य व्यक्ति/फर्म/कम्पनी से निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**भण्डारित/जप्त बालू के स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–**

| क्र० | अनुमंडल का नाम | थाना कांड सं0 | जप्त बालू का स्थल | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि (सुरक्षित जमा राशि का 25 प्रतिशत) (रू० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवादा सदर। | नगर (कादिरगंज ओ0पी0)/ 1990/23 | सोनू बिगहा, थाना– कादिरगंज | 20000 | 4,00,000/- | 1,00,000/- |
| 2 | नवादा सदर। | कादिरगंज ओ0पी0)/ 338/23 | पौरा, थाना– कादिरगंज। | 12922 | 2,58,440/- | 64,610/- |
| 3 | नवादा सदर। | वारिसलीगंज/ 617/23 | पौरा, थाना– कादिरगंज। | 26117 | 5,22,340/- | 1,30,585/- |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रपत्र से संबंधित जानकारी नवादा जिला के वेबसाईट https://nawada.nic.in/notice_category/tenders/ से प्राप्त कर सकते हैं।

**खुले डाक के माध्यम से नीलामी कार्यक्रम :–**

| नवादा जिला के वेबसाईट https://nawada.nic.in/notice_category/tenders/ से निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | जिला खनन कार्यालय, नवादा में अग्रधन राशि एवं निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर योग्य/सफल निविदादाताओं की सूची जिला खनन कार्यालय, नवादा के सूचना–पट्ट पर प्रकाशित करने की अंतिम तिथि | खुले डाक के माध्यम से नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| 30.05.2025 | 10.06.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक | 14.06.2025 | दिनांक– 18.06.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणायल, नवादा अवस्थित सभा कक्ष। |

➢ एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु जिला खनन कार्यालय, नवादा (मो0– 9973210325) से सम्पर्क किया जा सकता है।

**आम नीलामी निम्न शर्तो के अधीन की जाएगी :–**

1. डाकवक्ता को निर्धारित अग्रधन राशि के साथ ही अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, आचरण प्रमाण–पत्र, GST निबंधन की अभिप्रमाणित प्रति तथा खनन बकाया नहीं रहने संबंधी शपथ–पत्र देना होगा।

2. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र में स्थाई पता अंकित होना चाहिए। साथ ही यह भी अंकित होना चाहिए कि उनके विरूद्ध संज्ञेय अपराध का मुकदमा दर्ज नहीं है। उक्त आचरण प्रमाण पत्र छः माह की अवधि से पूर्व का नहीं होना चाहिए।
3. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान को निर्धारित तिथि– 10.06.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सुरक्षित जमा राशि का 25 प्रतिशत राशि अग्रधन के रूप में Assistant Director, Mines & Geology, Nawada के पदनाम से मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत नवादा में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य वांछित कागजात (कंडिकानुसार) जमा करना होगा।
4. नीलामी के फलस्वरूप सफल डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि का आयकर की राशि– 2.06% एवं जिला खनिज फाउन्डेशन की राशि– 2% तथा जमीन संबंधित (रैयत) भुगतान तथा GST भुगतान का साक्ष्य जमा करना होगा।
5. सफल डाकवक्ता को डाक की तिथि से दो कार्य दिवस के अन्दर नीलामी की संपूर्ण राशि का भुगतान (अग्रधन की राशि समायोजित करते हुए) करना होगा। इसके पश्चात ही कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
6. सफल डाकवक्ता को कार्यालय आदेश/User ID एवं Password निर्गत तिथि से 02 (दो) माह के अन्दर अन्य स्थल से बालू हटा लेना होगा एवं संपूर्ण बालू उठाव होने तक इस अवधि में डाक में प्राप्त बालू के कस्टोडियन सफल (उच्चतम) डाकवक्ता ही रहेंगे।
7. सफल डाकवक्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर संपूर्ण राशि जमा करने में असफल रहने की स्थिति में उनकी अग्रधन की राशि जप्त करते हुए दूसरे सफल डाकवक्ता को उच्चतम डाक राशि पर बालू बिक्री करने का मौका दिया जाएगा।
8. सफल डाकवक्ता को बालू के परिवहन हेतु वाहन के चालक को खनन विभाग द्वारा निर्गत प्रीपेड ई0–चालान निर्गत करना होगा। जिसमें बालू की मात्रा एवं राशि भी अंकित रहेंगी।
9. भण्डारित बालू के लिए विहित प्रपत्र में एक माह का दूसरे माह के 15 तारीख तक मासिक विवरणी जिला खनन कार्यालय, नवादा में दाखिल करना होगा एवं बालू प्रेषण के लिए नियमानुसार पंजी संधारित करनी होगी।
10. भण्डारित बालू स्थल पर साईनबोर्ड लगाना होगा, जिस पर सफल डाकवक्ता/प्रबंधक का नाम एव स्थाई पता, बालूस्थल का नाम एवं अवधि तथा विक्रय मूल्य अंकित होना चाहिए।
11. सफल डाकवक्ता को बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एव भण्डारण निवारण नियमावली) 2019 (समय–समय पर संशोधित) के नियमों एवं शर्तों तथा पर्यावरणीय प्रावधानों का पालन करना होगा।
12. श्रम कानूनों के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों की सुविधा के लिए विश्राम, शेड, पेयजल आदि की व्यवस्था करनी होगी।
13. नीलामधारी को समाहर्त्ता द्वारा बालू प्रेषण के संचालन के संबंध में जनहित में दिये गये अन्य निदेशों का पालन करना होगा।
14. मार्ग से संबंधित कोई व्यावधान अथवा अन्यान्य कारण से बाधा उत्पन्न होने पर सरकार द्वारा कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगा।
15. डाकवक्ता भण्डारित बालू का आंकलन डाक में भाग लेने से पूर्व स्वय स्थल भ्रमण कर आश्वस्त होना होगा, बाद में किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नही होगा।
16. नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, नवादा (मो0– 9973210325) से सम्पर्क किया जा सकता है।
17. बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 (समय–समय पर संशोधित) के शर्तो एवं बन्धेजो का अनुपालन नही करने पर एव अपरिहार्यकारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकार समाहर्त्ता को सुरक्षित रहेगा।

27/5/25

समाहर्त्ता,
नवादा।

# नवादा जिलान्तर्गत भण्डारित/जप्त बालू के नीलामी का निविदा प्रपत्र :–

भण्डारित/जप्त बालू का निविदा में अंकित क्रमांक.................................
एवं स्थल का नाम ........................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/कम्पनी का नाम | |
| 2. | भाग लेने वाले व्यक्ति के पिता/पति का नाम (कंपनी/फर्म की स्थिति में कंपनी रजिस्ट्रेशन नंबर) | |
| 3. | स्थायी पता | |
| 4. | स्थानीय पता /वर्त्तमान पता | |
| 5. | सम्पर्क सूत्र (Contact No.) | |
| 6. | ई–मेल | |
| 7. | पैन कार्ड संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 8. | आधार कार्ड संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 9. | जी०एस०टी० निबंधन संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 10 | स्वामिस्व (ROYALTY) स्वच्छता प्रमाण/संबंधित शपथ पत्र संख्या/दिनांक (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 11. | सरकारी प्रतिष्ठान का नाम एवं पता जिसका कार्य कर रह हैं (यदि उससे संबंधित हैं) | |
| 12. | आचरण प्रमाण–पत्र पत्र संख्या/दिनांक (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 13. | संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं होने संबंधी स्वयं शपथ–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें। | |
| 14. | अग्रधन के रूप में सुरक्षित जमा राशि का 25 प्रतिशत राशि का बैंक ड्राफ्ट संख्या तिथि एव निर्गत बैंक का नाम | |
| 15 | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) | |

नोट :– (क) पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी०एस०टी०निबंधन से संबंधित साक्ष्यों की स्वअभिप्राणित प्रति संलग्न करें।
(ख) खनन संबंधी बकाया रहित शपथ पत्र मूल में संलग्न करेंगे।
(ग) निविदा आवेदन एवं संलग्न कागजात खुले लिफाफे में जिला खनन कार्यालय, नवादा में जमा करेंगे।

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी बातें सत्य है तथा इसके लिए मैं उत्तरदायी हूँ।

निविदादाता का पूर्ण हस्ताक्षर
नाम :–
पता :–
मोबाईल नं०:–

स्थान–
दिनांक–